# आबादी वाले इलाकों से हटेंगे गोदाम

## नहीं होंगे लकड़ी, प्लास्टिक... तेल-डीजल और गैस भंडार

**रतलाम, नप्र।** मानव जीवन और लोक संपत्ति के संभावित नुकसान को देखते हुए शहर के आबादी वाले इलाकों से गोदाम हटाए जाएंगे। हाल ही में कलेक्टर के निर्देश पर शहर के ऐसे सड़सठ गोदामों को हटाने के लिए सूचनापत्र जारी किया है।

शहर की आबादी वाले इलाकों में लगने वाली कबाड़े की दुकानों, गोदाम, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से बने सामान, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर गोदाम के अलावा अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तु के भंडारण से संबंधित ऐसे सड़सठ संस्थानों को सूचनापत्र जारी कर इत्तलाह किया गया कि ऐसे खतरनाक गोदामों को नगर निगम क्षेत्र से हटाकर अन्य ले जाया जाए। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके के आठ, माणकचौक थाने के 19 तथा स्टेशनरोड के 16 और दीनदयालनगर थाना इलाके के 24 संस्था शामिल है। इन्हें जारी सूचना पत्र में कहा है कि संचालित की जा रही दुकानों, गोदामों और भंडारण से से मानव जीवन व लोक संपत्ति के नुकसान की संभावना है। इस तरह की गतिविधियों से जन सामान्य के स्वास्थ्य, जानमाल को खतरा तथा भविष्य में इन कारणों से लोग शांति भंग होने की प्रबल आशंका भी है। जारी किए गए नोटिस वाली संस्थानों को आगामी 12 नवंबर की दोपहर 4 बजे तक न्यायालय जिला दंडाधिकारी के समक्ष मौजूद रहकर गोदामों, भंडारण और दुकानों को हटाने के लिए जवाब देने को कहा गया है।

### कब्जों का आधार क्या...नोटिस

**रतलाम, नप्र।** जावरा तहसील के गांव परवलिया में जमीनों के कब्जों के आधार को जानने के लिए सूचनापत्र जारी हुए है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावरा के प्रतिवेदन के अनुसार कलेक्टर ने भूमि हस्तांतरण के संबंध मे सूचनापत्र जारी कर संबंधित के 16 नवंबर नियत पेशी की गई है। इस दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ अपनी बात रखने के लिए संबंधित को मौजूद रहना होगा। जिन्हें नोटिस जारी हुए है उन लोगों को वर्तमान मे काबिज भूमि के संबंध दस्तावेज दिखाकर कब्जे का आधार बताकर अपना पक्ष रखना होगा। ये सूचनापत्र मीर आजम निवासी परवलिया, फिरोज मीर आजम परवलिया, अम्बाराम, मोइन खान, सईद खान, अंबाराम उदयराम नानूराम पिता भेरा, रईस खान पिता मीर आजम खान परवलिया, भुवान अमरचंद पिता केशुराम, समीउल्ला खान पिता मीर आजम खान निवासी परवलिया, अम्बाराम पिता भेरा, करीम खान पिता सरफराज, जरीन खान पिता आदम खान, राजाराम ओमप्रकाश पिता रामकिशन, दिलावर खान पिता हसन खान, नानूराम पिता सेवा को जारी हुए है।

प्र.कि. 27

प्रभात किरण 27/10/21

औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का मामला

# सड़कों के लिए ₹ 2 करोड़ मिले




**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** औद्योगिक क्षेत्र के सड़कों के लिए लगभग 12 से 15 करोड़ की आवश्यकता है। भोपाल से दो करोड़ रुपए का आवंटन हो चुका है।

यह घोषणा लघु उद्योग भारती संस्थापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप ने की। समारोह में विधायक काश्यप ने कहा कि वे जल्द से जल्द बची हुई सड़कों के लिए भी शेष राशि का आवंटन करवाने की पूरी कोशिश करेंगे। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता ने सोलर ऊर्जा की प्रोत्साहन नीति को लेकर कहा कि यदि उद्योगपति अपने आसपास की इकाइयों में मिलकर सोलर पैनल लगवाते हैं, तो बाहर की कंपनियां अपने इन्वेस्टमेंट से सोलर के पैनल और उसका स्ट्रक्चर लगाएंगे और अगले 10 साल तक लगभग 4 रूपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली की सप्लाई इकाइयों को दी जाएगी। 10 साल खत्म होने पर सोलर पैनल उन इकाइयों में ही लगे रहेंगे और अगले 15 साल तक उद्योग उत्पादित बिजली मुफ्त प्राप्त कर सकेंगे। गुप्ता ने लघु उद्योग भारती रतलाम इकाई के लिए चंद्रप्रकाश अवतानी को अध्यक्ष और गोविंद मालपानी का मनोनयन सचिव पद के लिए किया। नव मनोनीत अध्यक्ष अवतानी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें शैलेंद्र सुरेखा, कुश अवतानी, अंचित पोरवाल, सचिन छाजेड़, धर्मेंद्र मारू, रोहित मालपानी, प्रवीण कसेरा, पूनम चंद्र छाबड़ा, आशीष अग्रवाल, अनिल सारा, रिंकू कृष्णानी, रघुवीर सोलंकी, महेश शर्मा, रूपचंद्र मल्होत्रा एवं रोनक चोपड़ा शामिल किए हैं।

पत्रिका 28/10/21

**कर्मचारी यूनियन गुस्से में** • कमिश्नर ने फिर टाली बैठक, 30 को नहीं मिले तो सफाई बंद

# त्योहार से ठीक पहले सफाई पर संकट, हड़ताल की चेतावनी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम आयुक्त और अफसरों के रवैये को लेकर नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन में गुस्सा फूट पड़ा है। मोर्चा खोलते हुए यूनियन ने बुधवार को कलेक्टर और प्रशासक को अफसरों पर अंकुश लगाने को कहा। लिखित शिकायत में गुस्से की वजह बिना सूचना सीधे निलंबित करना, वेतनवृद्धि रोकना, 15- 15 दिन का वेतन काटना, सालों से काम कर रहे कर्मचारियों पर वाहनों का सामान चुराने का आरोप लगाकर वेतन से वसूली करना बताया है।

उधर, सफाई कर्मचारी संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति 31 अक्टूबर से फिर हड़ताल पर उतर सकती है। वजह भी अफसर है। कलेक्टर ने कमिश्नर को एक माह में समिति की मांगों का निराकरण करने को कहा था। वो तो दूर कमिश्नर को कर्मचारियों से बात तक करने की फुर्सत नहीं है। बुधवार को एक बार फिर कमिश्नर ने समिति के साथ होने वाली बैठक को टाल दिया। सफाई संयुक्त संघर्ष समिति के नेता खासे नाराज हैं। कमिश्नर ने 31 अक्टूबर को मिलने का समय दिया है। उस दिन बात नहीं हुई तो सफाई कर्मचारी 31 अक्टूबर से हड़ताल पर उतर सकते हैं। इधरऐसा हुआ तो साल के सबसे बड़े त्योहार दीपावली पर शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ जाएगी। क्योंकि 2 नवंबर को धनतेरस है और 4 को दीपावली।

## हक और लाभ भी नहीं दिए जा रहे, मिलने के लिए मांगा समय

कर्मचारी यूनियन ने शिकायती पत्र में बताया कि कोरोना महामारी में बिना रुके काम करने के बावजूद कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनका हक और लाभ नहीं दिए जा रहे। इतना ही नहीं इन मुद्दों पर कमिश्नर से बात करने के बजाए यूनियन ने प्रशासक से मिलने का समय मांगा है। इसके लिए यूनियन ने तीन साल से लंबित 6 प्रमुख मांगों का पत्र कलेक्टर को दे दिया है।

## पहले ही कर्मचारियों की संख्या कम उस पर कार्रवाई

उधर शुक्रवार की मीटिंग टलने से नाराज सफाई कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेता गुस्से में है। समिति का कहना है पहले वार्डों में कर्मचारियों की संख्या कम है। उनमें से ही कर्मचारी कम करके नाइट ड्यूटी और दवाई छिड़कने ने लगा दिया है। स्वच्छता मिशन मद से अतिरिक्त कर्मचारी रखने के बजाए लापरवाही पर बिना कारण जाने सीधे कार्रवाई की जा रही है। ड्रेस नहीं मिली न साधन संसाधन।

*बिना मौका दिए कार्रवाई करके आयुक्त और अधिकारी कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। सालों से लंबित मांगो पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसलिए कलेक्टर मिलने का समय मांगा है।*

**राजेंद्र सिंह राठौर,**
अध्यक्ष- ननि कर्मचारी यूनियन

*कलेक्टर ने एक माह का समय तय किया था। कमिश्नर साहब को मिलने का समय नहीं है। बुधवार की मीटिंग कैंसिल हो गई। 30 को बुलाया है। हम नहीं चाहते दीपावली पर सफाई व्यवस्था बिगड़े।*

**कमल भाटी,**
सदस्य- सफाई कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

भास्कर

दै.भास्कर 28/10/21



# मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड तक बनेगी सीमेंट कांक्रीट सड़क, विधायक ने किया शुभारंभ

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

विधायक चेतन्य काश्यप ने मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड तक बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सडक 45 लाख रूपए की लागत से बनेगी। शहर के 3 वार्डो से जुडी इस सडक के निर्माण से कई नागरिक लाभान्वित होंगे। सडक निर्माण कार्य का शुभारंभ श्री काश्यप ने विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बडगोत्या एवं मयुर पुरोहित आदि मंचासीन रहे।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि सीवरेज लाईन और अन्य कार्यों के वजह से शहर में सडकें काफी क्षतिग्रस्त हुई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में पंचवर्षीय योजना में 120 करोड से सडकों के नवनिर्माण की योजना बनी है। इसमें से अब तक 20 करोड के टेंडर जारी कराए जा चुके है, जिससे कई प्रमुख सडकों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूरा हो चुका है। इसका लाभ तब दिखेगा जब शहर की नालियों से गंदा पानी दिखना बंद हो जाएगा। सीवरेज की योजना आधुनिक शहर की कल्पना से प्रेरित है, जिसका लाभ आने वाले कई सालों तक मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए कानून बन गया है। नियम जारी होने पर उन कॉलोनियों में फिर से विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे। मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड की यह सडक 3 वार्डों की मांग को पुरा करेगी। औद्योगिक क्षेत्र में सडक निर्माण हेतु भी 1 करोड रूपए स्वीकृत किए गए है। श्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 4,500 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हो चुके है। सरकार द्वारा फिर से पट्टे देने के लिए सर्वे होने पर चिन्हित परिवारों को आवास निर्माण हेतु ढाई-ढाई लाख रूपए की राशि दी जाएगी। रतलाम को मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के प्रयास जारी है। शहर के समीप इसी उद्देश्य से औद्योगिक कोरीडोर की स्थापना की जा रही है।

कार्यक्रम को पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल एवं क्षेत्रवासियों ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बडगोत्या ने स्वागत भाषण दिया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार सुवेन्द्र गुर्जर ने माना। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पु पुरोहित, प्रहलाद पटेल, सीमा टांक, देवशंकर पाण्डेय, मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धर्मेन्द्रसिंह देवडा, शक्तिसिंह राठौड, विवेक शर्मा, कमल गुरनानी, प्रकाश बंशीवाल, तन्मय त्रिवेदी, हेमराज वसावा, संदीप मौर्य, श्रीराम यादव, राजेश पांचाल, संतोष बैरागी, सारिका दीक्षित, सुनीता श्रीवास्तव सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

राजएक्सप्रेस 28/10/21

# तीन जिलों में कोरोना के 20 नए मामले, प्रदेश में रोज 13 मरीज

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से प्रतिदिन औसतन 13 नए मरीज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को भोपाल में 11, इंदौर में आठ और धार में एक मरीज मिला है। इसके अलावा विदिशा में एक कोरोना मरीज की मौत भी हो गई है। प्रदेश में हफ्तेभर में 95 मरीज मिल चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में दुर्गा पूजा व दशहरा में भीड़ और त्योहारों के चलते दूसरे राज्यों से आवाजाही की वजह से मरीज बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा मरीज इंदौर और भोपाल में मिल रहे हैं। बाकी जिलों में नए मरीजों की संख्या इक्का-दुक्का रहती है। बता दें इसके पहले चार सितंबर को 22 और 24 सितंबर को 36 नए मरीज मिले थे। 24 सितंबर को ज्यादा मरीज मिलने की वजह यह थी कि इंदौर में उस दिन एक साथ 32 मरीज मिल गए थे। प्रदेश में हर दिन 52 से 56 हजार सैंपल की जांच की जा रही है।

**इंदौर और भोपाल में मिल रहे सबसे ज्यादा मरीज, विदिशा में एक मौत**



## लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो रही सैंपलों की जांच

प्रदेश में हर दिन 70 हजार सैंपलों की जांच करने का लक्ष्य तय किया गया है। 13 सितंबर को जारी निर्देश के मुताबिक इनमें 50 फीसद जांच रैपिड एंटीजन किट और बाकी आरटी-पीसीआर तकनीक से की जानी है। हफ्तेभर के भीतर जांच के आंकड़ों पर गौर करें तो एक दिन में अधिकतम 56 हजार जांच ही हुई है। रैपिड किट की तुलना में आरटी-पीसीआर की जांच अच्छी मानी जाती है, इसलिए सिर्फ 20 हजार जांचें ही रैपिड किट से करने को कहा गया है। हाल यह है कि रोज 25 हजार से ज्यादा जांचें रैपिड किट से की जा रही हैं।

त्योहार का समय है। बाजारों में भीड़ है। लोग लापरवाही कर रहे हैं। ऐसी ही लापरवाही रही तो मरीज और बढ़ेंगे। -डा. लोकेंद्र दवे, राज्य सलाहकार, कोविड-19

नईदुनिया 28/10/21

खैरादीवास में तो दिन में कई बार लगता है जाम

पत्रिका

# किसी भी दुकान में पार्किंग नहीं तो सड़कों पर खड़े रहते हैं वाहन

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. दीपावली जैसे हिंदू धर्म के सबसे बड़े त्योहार पर हर परिवार बाजार से कुछ न कुछ खरीदारी करता ही है। ऐसे में शहर या गांव के हर परिवार के सदस्य का बाजार में आना होता है लेकिन शौरूम और दुकानों के सामने और दुकानों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होना सबसे बड़ी परेशानी बन गया है। खैरादीवास की बात करे तो यहां स्थिति यह है कि पहले ही यह संकरा बाजार है और सामने से कोई चार पहिया वाहन आ जाए तो दो पहिया वाहन चालकों के सामने समस्या खड़ी हो जाती है कि वे कैसे निकले।

## आम दिनों में भी बदतर स्थिति

खैरादीवास में तो आम दिनों में भी बदतर स्थिति रहती है तो त्योहारों के समय तो स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। साहू बावड़ी मंदिर के पास से गेलड़ा नमकीन की तरफ आने वाले मार्ग पर तीन-चार मंजिला बड़े-बड़े शोरूम हैं। त्योहारों के समय इन पर खरीदारी करने आने वाले बाइक से पहुंचते हैं और सारी बाइक सड़क पर ही खड़ी करना मजबूरी हो जाती है। इस पर भी साहू बावड़ी क्षेत्र में फल विक्रेता, फुटपाथ पर सब्जी बेचने वालों के बैठने से यहां निकलना दूभर हो जाता है।

पत्रिका 28/10/21

### प्रदेश में 1,45, 258 कार्ड हो चुके हैं अमान्य

# ग्वालियर में 12,407 फर्जी आयुष्मान कार्ड निरस्त, प्रदेश में सबसे ज्यादा

- पात्र व्यक्ति की आईडी से दलाल बना रहे फर्जी कार्ड

दिनेश गुप्ता | ग्वालियर

जिले में 12,407 फर्जी आयुष्मान कार्ड 30 दिन में निरस्त हो चुके हैं। जेएएच में एक दलाल से जब्त 34 कार्ड भी भोपाल जांच के लिए भेजे गए थे। इन्हें भी निरस्त करने का निर्णय हो चुका है। शहर में इन दिनों कुछ ऑनलाइन सुविधा देने वाले सेंटरों पर फर्जी आधार, वोटर कार्ड, जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्रों की तरह अब आयुष्मान कार्ड भी बनने लगे हैं। इसी को देखते हुए एक सप्ताह पहले ग्वालियर आए आयुष्मान निरामय भारत के सीईओ अनुराग चौधरी फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वालों के खिलाफ जिलाबदर और जेल भेजे जाने की कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। प्रदेश में कुछ दिन पहले 1 लाख 45 हजार 258 फर्जी आयुष्मान कार्ड निरस्त किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक ग्वालियर जिले के हैं। जेएएच में पकड़े गए कृष्णा कुशवाह से जब्त 34 मूल आयुष्मान कार्ड व एक फोटो कॉपी को लेकर पुलिस ने विभाग से रिपोर्ट मांगी है।

**प्रदेश के 4 बड़े शहरों का हाल**

| जिला | कार्ड निरस्त |
|---|---|
| ग्वालियर | 12407 |
| इंदौर | 6508 |
| जबलपुर | 5086 |
| भोपाल | 4736 |

### यहां भी गड़बड़ी: जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र में भी फर्जीवाड़ा

आयुष्मान कार्ड की तरह कुछ दिन पहले मुरार अस्पताल की आईडी से जारी 51 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी फर्जी मिले थे। इन्हें किसी शरारती व्यक्ति ने मुरार अस्पताल की आईडी हैक कर जारी किया था। इसके बाद सिविल सर्जन ने सारे 51 प्रमाण पत्र पुलिस को भेजकर उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया जिनके नाम पर प्रमाण पत्र जारी हुए हैं।

*अभी तक जिले में 12,407 आयुष्मान कार्ड निरस्त हो चुके हैं। सीईओ ने कुछ दिन पहले समीक्षा कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।*

**-डॉ. शिवराम सिंह कुशवाह,**
नोडल अधिकारी आयुष्मान

दै. भास्कर 28/10/21

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# सिंचाई एवं पेयजल के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

जिले में इस वर्ष पर्याप्त वर्षा हुई है। सभी जल संरचनाओं में अभी पर्याप्त जल उपलब्ध है । उपलब्ध पानी की सुरक्षा करने के साथ ही सिंचाई एवं पेयजल के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करें। अवैध रूप से पानी लेने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। उक्त निर्देश जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े ने दिए ।

जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नियमित बिजली बिल जमा हो रहे हैं वहां पर डीपी प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.के.खरत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री पी.के.गोगादे, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी गई थी मध्यम परियोजना सरोज सरोवर धोलावाड



बांध में गत वर्ष 2020- 21 में मध्यम परियोजना से रबी सिंचाई लक्ष्य 5600 हैक्टर क्षेत्र में रखा गया था, जिसके विरुद्ध शत-प्रतिशत सिंचाई की गई। रूपांकित जीवित जल क्षमता के विरुद्ध पूर्ण जल भराव हुआ है । इसी प्रकार 120 लघु सिंचाई योजनाओं से 26909 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई। रबी फसल हेतु 27011 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।

## सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा

बैठक में निर्देश दिया गया कि पेयजल की सुर के लिए संबंधित निकाय एवं संस्था कार्यवाही सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्देशित कि गया कि नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा सके तथा आरक्षित पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित हो इस हेतु बिना विभाग की लिखित अनुमति के विद्युत संयोजन नही करें। कृषि विभाग तालाबों के कमांड क्षेत्र कृषकों को संतुलित उर्वरक एवं उच्च गुणवत्ता बीज की उपलब्धता समय पर करवाएं जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सके। बैठक में रतलाम नगर एवं सैलाना नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए वर्तमान निश्चित पानी की मात्रा को नवीन आवश्यकतानुसार रिवाइज करने हेतु निर्देशित कि गया। इस दौरान सिंचाई के लिए पानी की आपू एवं उपलब्ध संसाधनों में पर चर्चा की गई।

राज एक्सप्रेस 28/10/21

# अवैध रूप से पानी लेने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें-सीईओ

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में इस वर्ष पर्याप्त वर्षा हुई है । सभी जल संरचनाओं में अभी पर्याप्त जल उपलब्ध है । उपलब्ध पानी की सुरक्षा करने के साथ ही सिंचाई एवं पेयजल के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करें। अवैध रूप से पानी लेने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। उक्त निर्देश जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े ने दिए।

जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नियमित बिजली बिल जमा हो रहे हैं वहां पर डीपी प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.के. खरत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री पी.के. गोगादे, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न**

बैठक में जानकारी दी गई थी मध्यम परियोजना सरोज सरोवर धोलावाड बांध में गत वर्ष 2020-21 में मध्यम परियोजना से रबी सिंचाई लक्ष्य 5600 हैक्टर क्षेत्र में रखा गया था, जिसके विरूद्ध शत-प्रतिशत सिंचाई की गई। रूपांकित जीवित जल क्षमता के विरुद्ध पूर्ण जल भराव हुआ है । इसी प्रकार 120 लघु सिंचाई योजनाओं से 26909 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई। रबी फसल हेतु 27011 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।

बैठक में निर्देश दिया गया कि पेयजल की सुरक्षा के लिए संबंधित निकाय एवं संस्था कार्रवाई सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा सके तथा आरक्षित पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित हो इस हेतु बिना विभाग की लिखित अनुमति के विद्युत संयोजन नहीं करें। कृषि विभाग तालाबों के कमांड क्षेत्र में कृषकों को संतुलित उर्वरक एवं उच्च गुणवत्ता के बीज की उपलब्धता समय पर करवाएं जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सके ।

बैठक में रतलाम नगर एवं सैलाना नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए वर्तमान निश्चित पानी की मात्रा को नवीन आवश्यकतानुसार रिवाइज करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति एवं उपलब्ध संसाधनों में पर चर्चा की गई। स्वदेश

स्वदेश 28/10/21

# बैंकिंग सुविधाओं से आमजन का जुड़ाव बड़ा परिवर्तन -विधायक श्री काश्यप

## महिलाएं बैंकों से जुड़कर स्वयं को सशक्त बनाएं-कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम




रतलाम । बैंकिंग सुविधाओं से आमजन का जुड़ाव बड़ा परिवर्तन है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदलाव की राह पर खड़ा है। मध्यम एवं निम्न मध्यम वर्ग को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़कर उनके जीवन को सशक्त बनाया जा रहा है। इससे हर परिवार सशक्त बनेगा। उक्त विचार रतलाम शहर विधायक श्री चैतन्य काश्यप ने भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रतलाम द्वारा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के तत्वावधान में आयोजित क्रेडिट आउटरीच अभियान के अवसर पर व्यक्त किए।

बरबड़ स्थित विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री काश्यप ने कहा कि कभी बैंक और बीमा जैसी सुविधाएं धनाढ्य लोगों की बात हुआ करती थी, लेकिन अब हर आम व्यक्ति इन सुविधाओं का लाभ ले रहा है। बैंक के माध्यम से विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेकर आम व्यक्ति के जीवन में तनाव कम हो रहा है, जो सुखद है। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से आग्रह किया कि वे लोन के माध्यम से स्वयं मजबूत बने और खुद को उद्यमी के रूप में स्थापित करें। स्वयं का कार्य करना, समूह को विकसित करना और अपनी एक अलग पहचान बनाना बैंक सुविधाओं के माध्यम से आसान हो गया है । उन्होंने कहा कि बैंक के माध्यम से बीमा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है जिनसे प्रत्येक व्यक्ति को जुड़ना चाहिए इससे जीवन की सुरक्षा भी होगी। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने इस अवसर पर कहा कि आज से दस वर्ष पूर्व यह कल्पना भी नहीं हो सकती थी कि बैंक के आउटरीच अभियान में इतनी बड़ी संख्या में लोग जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि स्टेट बैंक की स्थानीय टीम सक्रिय होकर कार्य कर रही है तथा अनुमान से अधिक लोगों को विभिन्न ऋण योजनाओं में लाभान्वित कर जिले को अग्रणी बना रही है । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय स्टेट बैंक की सक्रियता से रतलाम जिला प्रदेश में अग्रणी स्थान पर पहुंचेगा। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं को सशक्त बनाएं। यदि देश की आधी आबादी आर्थिक सशक्तिकरण में अपना अमूल्य योगदान देगी तो देश अपने आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने कहा कि बीमा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दें । इन योजनाओं का लाभ लें, मुश्किल समय में इन योजनाओं द्वारा मिलने वाली राशि काफी सहायक होती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जमुना भिड़े, नगर निगम कमिश्नर श्री सोमनाथ झरिया मंचासीन थे। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक भोपाल वृत एक के महाप्रबंधक श्री एस. गिरधर ने कहा कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर से 15 नवंबर तक विभिन्न बैंकिंग गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य क्रेडिट सुविधाओं का अधिकाधिक लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि बैंक सिर्फ लोन ही नहीं देता बल्कि अन्य सुविधाएं भी देता है। बैंकिंग सुविधाओं के जरिए स्व -सहायता समूह भी सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जुड़ें तथा उनका लाभ लें। प्रारंभ में स्वागत भाषण क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अरुण कुमार सिंह ने दिया। इस दौरान बैंक द्वारा विभिन्न योजनाओं में प्रदान किए जा रहे लोन प्रकरणों की स्वीकृत राशि 15 करोड़ 60 लाख की राशि का चेक हितग्राहियों को दिया गया। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा स्वीकृत ऋण प्रकरणों के सांकेतिक चेक एवं स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को प्रदान किए गए ।

28/10/21

# औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के लिए दो करोड़ रुपये की राशि आवंटित

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के लिए लगभग 12 से 15 करोड़ की आवश्यकता है। इसमें से भोपाल से दो करोड़ रुपये का आवंटन हो चुका है।



लघु उद्योग भारती रतलाम इकाई के संस्थापन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

यह घोषणा लघु उद्योग भारती रतलाम इकाई के संस्थापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप ने की। समारोह में विधायक काश्यप ने कहा कि वे जल्द से जल्द बची हुई सड़कों के लिए भी शेष राशि का आवंटन करवाने की पूरी कोशिश करेंगे। इस मौके पर लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता ने शासन की नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोलर ऊर्जा की प्रोत्साहन नीति को लेकर कहा कि यदि उद्योगपति अपने आसपास की इकाइयों में मिलकर सोलर पैनल लगवाते हैं, तो बाहर की कंपनियां अपने इन्वेस्टमेंट से सोलर के पैनल और उसका स्ट्रक्चर लगाएंगी। अगले 10 साल तक लगभग चार रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली की सप्लाय इकाइयों को दी जाएगी। 10 साल खत्म होने पर सोलर पैनल उन इकाइयों में ही लगे रहेंगे और अगले 15 साल तक उद्योग उत्पादित बिजली मुफ्त प्राप्त कर सकेंगे। गुप्ता ने लघु उद्योग भारती रतलाम इकाई के लिए चंद्रप्रकाश अवतानी को अध्यक्ष और गोविंद मालपानी को सचिव मनोनीत किया। मालवा प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख माधव काकानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नवमनोनीत अध्यक्ष अवतानी ने कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें शैलेंद्र सुरेखा, कुश अवतानी, अंचित पोरवाल, सचिन छाजेड़, धर्मेंद्र मारू, रोहित मालपानी, प्रवीण कसेरा, पूनमचंद्र छाबड़ा, आशीष अग्रवाल, अनिल सारा, रिंकू कृष्णानी, रघुवीर सोलंकी, महेश शर्मा, रूपचंद्र मल्होत्रा, रौनक चोपड़ा शामिल किए गए। आभार विशेष आमंत्रित मुकेश जैन ने माना।

नई.

नईदुनिया / 28/10/21

# त्योहार पर अलग नियम: बाकी समय 10, दीपावली में लेते है ₹ 20

पत्रिका अभियान

दीप पर्व पर मिले राहत

## वोकल फोर लोकल वालों के लिए ही नहीं होता नियम का पालन

रतलाम. दीपावली पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फोर लोकल की अपील की है। मध्यप्रदेश में 14 जिलों के कलेक्टर ने मिट्टी के दीपक की बिक्री करने वालों को राहत देते हुए नगरिय निकाय से लगने वाले कर को पांच दिन के लिए माफ कर दिया है, लेकिन हमारे यहां के अधिकारी बाकी समय भले इनसे 10 रुपए लेते हो, लेकिन दीपावली के 15 दिन पहले से 20 रुपए प्रतिदिन की रसीद काटी जाती है।

शहर में करीब 10 से अधिक स्थान पर 300 से अधिक लोग मिट्टी के दीपक की बिक्री करने का काम करते है। शहर में खाचरोद, नागदा, गुजरात, राजस्थान से मिट्टी के दीपक आते है। जो लोग इस कार्य में लगे हुए है उनके अनुसार जिले में मिट्टी के दीपक की मांग अनुसार पुर्ति नहीं होने से बाहर से लाना पड़ता है। जितने मिट्टी के दीपक मंगवाए जाते है, उसका करीब 20 से 30 प्रतिशत दीपक आने में टूट जाते है। 100 प्रतिशत भुगतान करके मात्र 70 प्रतिशत दीपक की बिक्री जितने दीपक आते है। इसमे भी पूरे वर्ष ग्राहकी तो मात्र दीपावली के दौरान व देव दीपावली के समय रहती है।

### कभी दस तो कभी लगते 20 रुपए

#### पिछले साल मिली थी राहत



स्टेशन रोड पुलिस थाने के करीब पिछले 15 से अधिक वर्षो से मिट्टी के दीपक की बिक्री करने वाली सुमित्रा के अनुसार नगर निगम कभी 10 रुपए तो कभी 20 रुपए लेता है। दीपावली के समय पिछले वर्ष रियायत दी थी, वो अब तक नहीं मिली है। परिवार में कुल सात लोग है। सभी को नेहरू स्टेडियम के पास बिठाने की जानकारी मिली है, लेकिन सभी लोग तो धनतेसर के पहले ही खरीदी कर लेते है। ऐसे में इस रियायात का लाभ नहीं है। बेहतर है, यह पहले से मिल जाए। इसके अलावा सभी के लिए रियायात जारी की जाए।

#### हम तो रोज 20 रुपए देते



शहर के राममंदिर के सामने 18 वर्षो से दीपक की बिक्री करने वाली मोहन बाई के अनुसार उनको बताया गया है कि कुछ दिन बाद नेहरू स्टेडियम में दुकान लगाने के रुपए नहीं लगेंगे, लेकिन अभी तो रोज ही 20 रुपए लग रहे है। राममंदिर के यहां रहने वाला ग्राहक इतना पेट्रोल जलाकर इतनी दूर क्यों आएगा। वो तो बड़ी दुकान से ही सब कुछ खरीद लेगा। फिर हमारी तो कोई कमाई ही नहीं होगी। फिर हम दीपावली कैसे मनाएंगे। इस निर्णय को बदलते हुए जो जहां बैठा है उसको वही रियायात देना चाहिए।

पत्रिका

## स्टेडियम खेल मैदान पर पटाखा दुकानें

आलोट. नगर में पटाखा बाजार के लिए अस्थायी दुकानों का आवंटन स्टेडियम खेल मैदान पर किया जाएगा। नगर परिषद ने बुधवार यह ऐलान कर दिया है। दुकानों का आवंटन गुरुवार से शुरू होगा। इसके बाद बीते पांच दिन से पटाखा बाजार के स्थान को लेकर चल रही अटकलबाजी पर विराम लग गया है ।

उल्लेखनीय है कि पटाखा बाजार में अस्थायी रूप से व्यवसाय करने के लिए करीब दो सौ लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किए है। बीते पांच दिन से पटाखा बाजार लगाने के स्थान को लेकर अलग-अलग बातें होती रही। नगर परिषद प्रशासन व्दारा चयनित रामसिंह दरबार स्थल के पास स्थित स्टेडियम खेल मैदान पर गुरुवार से पटाखा दुकानों का आवंटन करने का ऐलान कर सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया।

पत्रिका । 28/10/21

भोपाल, इंदौर सहित कुछ निकायों ने किया प्रयोग, बेहतर आए परिणाम: अब 407 निकायों में शुरू होगी सुविधा

# घर बैठे कर सकेंगे टैक्स भुगतान, निकायों को भी फायदा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश के सभी 407 निकायों में टैक्स जमा करने की सुविधा अब इलेक्ट्रॉनिकी घर बैठे होगी। इसके लिए विभिन्न यूपीआइ, क्यूआरकोड और पीओएस मशीन सुविधा उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों से अनुबंध किया जाएगा। प्रयोग के तौर पर भोपाल, इंदौर सहित जिन निकायों ने अपने कुछ क्षेत्रों में इसे लागू किया गया था, उसके परिणाम बेहतर आए हैं।



उपभोक्ता अन्य शहर से ही अपना संपत्तिकर, जलकर जमा कर सकेगा। उसे टैक्स जमा करने के लिए अवकाश और कार्य दिवस का भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

जिन क्षेत्रों में इस व्यवस्था को लागू किया गया, वहां टैक्स वसूली 15-20 फीसदी बढ़ी है। इसके अलावा टैक्स की राशि एक सीधे निकायों के बैंक अकाउंट में पहुंचने से निकायों को ज्यादा हिसाब-किताब नहीं करना पड़ रहा। निकाय ऑनलाइन टैक्स जमा करने वालों के रजिस्टर्ड मोबाइल, ईमेल पर रसीद भी तत्काल पहुंचा रहे हैं।

## पीओएस मशीन से घर-घर वसूली

पीओएस मशीन से निगम कर्मचारी घर, दुकान जाकर टैक्स वसूल सकेंगे। यह सुविधा उन उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराई गई है, जो ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में भरोसा नहीं रखते। बताया जाता है कि कुछ बैंक पीओएस मशीन, ट्रांजेक्शन सुविधा बिना चार्ज के उपलब्ध कराने तैयार हैं।

## ऐसे होगा इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजेक्शन

उपभोक्ता जैसे ही गूगल-पे, फोन-पे, पेटीएम, भीम ऐप सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान के लिए अपने मोबाइल फोन पर ऑप्शन डालेंगे, उसमें अन्य विकल्पों की तरह नगर निगमों के टैक्स के भुगतान का भी विकल्प आएगा। इसमें उपभोक्ता जिले और नगरीय निकाय, वार्ड और संपत्ति का चयन कर मकान, दुकान सहित अन्य संपत्ति का नंबर डालेंगे। इसी के साथ बकाया टैक्स की जानकारी सामने आ जाएगी। टैक्स जमा करने के बाद उपभोक्ता का तत्काल आटोमैटिक बिल तैयार हो जाएगा और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर, ई-मेल पर रसीद अपने आप ट्रांसफर हो जाएगी।

पत्रिका

पत्रिका 28/10/21

# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

रतलाम । वैक्सीनेशन में चिन्हित टारगेट होने के बाद भी उन तक नहीं पहुंच पाना अधिकारियों एवं अमले की लापरवाही है, यह ठीक नहीं है । अपने क्षेत्र के वैक्सीनेशन सेकंड डोज से शेष बचे लोगों की सूची बनाएं। उसकी मानिटरिंग करें और अपना परफॉर्मेंस सुधारें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए । उन्होंने कहा कि जिले में टीकाकरण की प्रोग्रेस ठीक नहीं है, गत सप्ताह 1 लाख के विरुद्ध 56 हजार वैक्सीनेशन ही हुए है जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने अगले सप्ताह में भी 1 लाख का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैलाना-बाजना की प्रोग्रेस सबसे कम है। यह ठीक तरह प्लानिंग नहीं होने का परिणाम है। जिस क्षेत्र में जनपद सीईओ ने बेहतर मोबिलाइजेशन किया है, वहां अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने सैलाना एसडीएम एवं सैलाना तथा बाजना के जनपद सीईओ को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता को इस बारे में सख्त निर्देश दें, सेकंड डोज से वंचित लोगों की सूची बनाएं, फिर उसकी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पिपलोदा क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्य के लिए अमले की प्रशंसा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल.आर्य, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिडे एवं समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सैलाना- बाजना क्षेत्र में राशन आपके द्वार योजना के संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि वे प्रस्तावित क्लस्टर के माध्यम से चयनित ग्रामों में राशन पहुंचाए जाने संबंधी व्यवस्था को आसान बनाएं ताकि सभी पात्र व्यक्तियों तक राशन पहुंचाया जा सके। उर्वरक वितरण ठीक तरह सुनिश्चित करें: कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में उर्वरक की स्थिति को लेकर किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम को भी निर्देश दिए कि उक्त व्यवस्था पर पूर्ण नज़र रखें । अब उर्वरक की मांग बढ़ेगी, जहां पर उर्वरक की आवश्यकता है वहां पर तुरंत बताएं। जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। खाद वितरण व्यवस्था को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां खाद प्राप्त करने वाले अधिक व्यक्ति उपस्थित हो वहां यह सुनिश्चित करें कि लाइनें न लगे। टोकन सिस्टम लागू करें ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने बैठक में सभी एसडीएम एवं सीईओ को लोन प्रकरणों में गति देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में लक्ष्य पूर्ति के लिए विशेष प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्हें शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा उसकी निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

## औपचारिक न हों कौशल प्रशिक्षण : कलेक्टर

रतलाम । कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने एनयूएलएम के तहत जिले के नगरीय क्षेत्रों में 2280 लोगों के आगामी समय में आयोजित होने वाले कौशल प्रशिक्षण के संबंध में निर्देश दिए है कि यह प्रशिक्षण किसी तरह से औपचारिक नहीं होना चाहिए। हेल्थ केयर, आईटी, रिटेल, फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाना है। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस प्रशिक्षण के लिए योग्य एवं जरूरतमंद युवाओं को प्रोत्साहित करें। सैलाना-बाजना क्षेत्र से अधिक युवाओं की सहभागिता हो। प्राप्त आवेदकों के चयन में योग्य एवं जरुरतमंद युवाओं को सम्मिलित किया जाएगा, इसके लिए कलेक्टर स्वयं आवेदकों की पात्रता परखेंगे। कलेक्टर ने कहा कि इस सम्बन्ध में बनाई गई समिति के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा रोजगार की आवश्यकता वाले हों ताकि उन्हें ट्रेनिंग के पश्चात रोजगार से जोड़ा भी जा सके। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदान करने वाली फर्म के संचालक को भी निर्देश दिए कि ट्रेनिंग बेहतर होना चाहिए। पिछले वर्षों में जिन युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, उनकी अभी क्या स्थिति है।

समय जगत 28/10/21

# मॉर्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड तक बनेगी सीमेंट-कांक्रीट सड़क

भास्कर संवाददाता | रतलाम



सड़क निर्माण के लिए पूजन करते विधायक काश्यप।

मॉर्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड तक सीमेंट कांक्रीट रोड 45 लाख रुपए से बनेगी। तीन वार्डों के सैकड़ों लोगों को फायदा होगा। सड़क निर्माण का शुभारंभ विधायक चेतन्य काश्यप ने किया। उन्होंने कहा कि सीवरेज लाइन और अन्य कार्यों से शहर की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। सीएम शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी में पंचवर्षीय योजना में 120 करोड़ से सड़कों के नवनिर्माण की योजना बनी है। इसमें से 20 करोड़ के टेंडर जारी कराए जा चुके हैं। कई प्रमुख सड़कों का निर्माण होगा।


उन्होंने कहा सीवरेज योजना का कार्य हो चुका है। इसका लाभ तब दिखेगा जब शहर की नालियों से गंदा पानी दिखना बंद हो जाएगा। सीवरेज की योजना आधुनिक शहर की कल्पना से प्रेरित है, जिसका लाभ आने वाले कई सालों तक मिलेगा। अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए कानून बन गया है। नियम जारी होने पर उन कॉलोनियों में फिर से विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे। मॉर्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड की यह सड़क 3 वार्डों की मांग को पूरा करेगी। पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या एवं मयूर पुरोहित मंचासीन रहे। कार्यक्रम को पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल एवं क्षेत्रवासियों ने संबोधित किया। प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने स्वागत भाषण दिया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार सुबेंद्रसिंह गुर्जर ने माना। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, प्रहलाद पटेल, सीमा टांक, देवशंकर पांडेय, मंडल पदाधिकारी मौजूद थे।

दै. भास्कर 28/10/21

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे राज्य और जिला स्तरीय समारोह

रतलाम। मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस 1 नवंबर 2021 को ßआत्म-निर्भर मध्यप्रदेशß के रूप में मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर 1 नवंबर 2021 को शाम 6ः30 बजे से किया जाएगा। समारोह में ßआत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियानß की थीम पर 45 से 50 मिनट की अवधि की नृत्य-नाटक को ध्वनि प्रकाश माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। कोरियोग्राफी प्रस्तुति के बाद गीत-संगीत के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। उप निर्वाचन वाले जिलों को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों पर समारोह आयोजित किए जाएगे। इनें मुख्य रूप से ßआत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियानß पर केंद्रित गायन, वादन, नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, रैली, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम होंगे। जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख शासकीय भवनों और ऐतिहासिक इमारतों पर 1 नवंबर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 28/10/21



## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

# सिंचाई एवं पेयजल के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले में इस वर्ष पर्याप्त वर्षा हुई है। सभी जल संरचनाओं में अभी पर्याप्त जल उपलब्ध है। उपलब्ध पानी की सुरक्षा करने के साथ ही सिंचाई एवं पेयजल के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करें। अवैध रूप से पानी लेने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। उक्त निर्देश जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े ने दिए।

जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नियमित बिजली बिल जमा हो रहे हैं वहां पर डीपी प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.के. खरत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री श्री पी.के. गोगादे, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में जानकारी दी गई थी मध्यम परियोजना सरोज सरोवर धोलावाड बांध में गत वर्ष 2020- 21 में मध्यम परियोजना से रबी सिंचाई लक्ष्य 5600 हैक्टर क्षेत्र में रखा गया था, जिसके विरुद्ध शत-प्रतिशत सिंचाई की गई। रूपांकित जीवित जल क्षमता के विरुद्ध पूर्ण जल भराव हुआ है। इसी प्रकार 120 लघु सिंचाई योजनाओं से 26909 हक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई। रबी फसल हेतु 27011 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।

बैठक में निर्देश दिया गया कि पेयजल की सुरक्षा के लिए संबंधित निकाय एवं संस्था कार्यवाही सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा सके तथा आरक्षित पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित हो इस हेतु बिना विभाग की लिखित अनुमति के विद्युत संयोजन नहीं करें। कृषि विभाग तालाबों के कमांड क्षेत्र में कृषकों को संतुलित उर्वरक एवं उच्च गुणवत्ता के बीज की उपलब्धता समय पर करवाएं जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सके। बैठक में रतलाम नगर एवं सैलाना नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए वर्तमान निश्चित पानी की मात्रा का नवीन आवश्यकतानुसार रिवाइज करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति एवं उपलब्ध संसाधनों में पर चर्चा की गई। प्रसारण

प्रसारण 28/10/21

# दीपावली के पहले सज रहा फोरलेन



रतलाम | दीपोत्सव के पहले जहां घरों में रंग रोगन हो रहा है। वहीं दो बत्ती से लोकेंद्र भवन के बीच सीमेंट कांक्रीट फोरलेन बनकर तैयार हो गया है। डिवाइडर बनाने के बाद अब इस पर रंग रोगन किया जा रहा है। दो बत्ती पर रंग रोगन करते कारीगर।

भास्कर

दै.भास्कर 28/10/21

# सिंचाई व पेयजल के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करें

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि) जिले में इस वर्ष अच्छी बारिश होने से सभी जल संरचनाओं में अभी पर्याप्त जल उपलब्ध है। अवैध रूप से पानी लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यह निर्देश जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े ने दिए। जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नियमित बिजली बिल जमा हो रहे हैं वहां पर डीपी प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री पीके खरत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री पीके गोगादे, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि मध्यम परियोजना सरोज सरोवर धोलावड़ बांध में गत वर्ष 2020-21 में मध्यम परियोजना से रबी सिंचाई लक्ष्य 5600 हेक्टेयर क्षेत्र में रखा गया था। इसी प्रकार 120 लघु सिंचाई योजनाओं से 26909 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई। रबी फसल के लिए 27011 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। बैठक में विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया बिना विभाग की लिखित अनुमति के विद्युत संयोजन नहीं करें। रतलामएवं सैलाना नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए वर्तमान निश्चित पानी की मात्रा को नवीन आवश्यकतानुसार रिवाइज करने के लिए निर्देशित किया गया।

## 169 सफाई संरक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण

रतलाम। कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार निगम सफाई संरक्षकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अलकापुरी कम्युनिटी हाल में शिविर लगाया गया। इसमें 169 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय के डाक्टर, लैब टेक्नीशियन व अन्य स्टाफ द्वारा कर्मचारियो की डेंगू, टाईफाइड, टीबी आदि बीमारियों की जांच की गई।

नईदुनिया 28/10/21

## रोड निर्माण का शुभारंभ

रतलाम। मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड तक बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक चेतन्य काश्यप ने किया। यह सड़क 45 लाख रूपए की लागत से बनेगी। शहर के 3 वार्डों से जुड़ी इस सड़क के निर्माण से कई नागरिक लाभान्वित होंगे। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ श्री काश्यप ने विधिवत भूमिपूजन कर किया।

इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या एवं मयुर पुरोहित आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम को पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल एवं क्षेत्रवासियों ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने स्वागत भाषण दिया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार सुबेन्द्र गुर्जर ने माना। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पु पुरोहित, प्रहलाद पटेल, सीमा टांक, देवशंकर पाण्डेय, मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, शक्तिसिंह राठौड़, विवेक शर्मा, कमल गुरनानी, प्रकाश बंशीवाल, तन्मय त्रिवेदी, हेमराज वसावा, संदीप मौर्य, श्रीराम यादव, राजेश पांचाल, संतोष बैरागी, सारिका दीक्षित, सुनीता श्रीवास्तव सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। नवभारत

नवभारत 28/10/21

## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

स्वदेश

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप ने मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड तक बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क 45 लाख रुपए की लागत से बनेगी। शहर के 3 वार्डों से जुड़ी इस सड़क के निर्माण से कई नागरिक लाभान्वित होंगे। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ श्री काश्यप ने विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या एवं मयुर पुरोहित आदि मंचासीन थे।

स्वदेश 28/10/21

## जलस्रोतों से पानी चुराने वालों पर होगी कार्रवाई

भास्कर

रतलाम | जिले में इस साल अच्छी बारिश हुई है। सभी जलाशय में पर्याप्त पानी है। जिपं. सीईओ ने पानी की सुरक्षा के साथ सिंचाई व पेयजल के लिए जलापूर्ति करने को कहा है। अवैध रूप से पानी लेने वालों पर कार्रवाई करने को भी कहा है। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े ने ली। प्रधान परमेश मईडा ने कहा जिन क्षेत्रों में नियमित बिजली बिल जमा हो रहे हैं, वहां पर डीपी प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए। अधिकारियों ने बताया सरोज सरोवर धोलावड़ बांध में पिछले साल 2020-21 में परियोजना से रबी सिंचाई लक्ष्य 5600 हेक्टेयर क्षेत्र में रखा था, इसके विरुद्ध शत-प्रतिशत सिंचाई की। रबी फसल के लिए 27011 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। पेयजल की सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने को कहा है।

द.भास्कर 28/10/21

# 100 करोड़ वैक्सिनेशन है केन्द्र सरकार की बड़ी उपलब्धि: काश्यप

**रतलाम ।** प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा वाराणसी से पी.एम. आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण की व्यवस्था शासकीय मेडिकल कॉलेज में की जाकर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। रतलाम जिले में कार्यक्रम का शुभारंभ शहर विधायक श्री चेतन्य काश्यप, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, समाजसेवी श्री गोविंद काकानी, श्री मनोहर पोरवाल, डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, प्रभारी सीएमएचओ डॉ. जी.आर. गौड, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर ने सरस्वतीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी के प्रयासों से स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर देश के नागरिकों को मुफ्त टीका उपलब्ध कराकर आमजन का वैक्सीनेशन कराना प्रमुख उपलब्धि है। पी.एम.आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन से स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं को नई उंचाईयां मिलेगी। उन्होने कहा कि रिसर्च पेपर के आधार पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को प्रत्येक 25 लाख की जनसंख्या अथवा संसदीय क्षेत्र के आधार पर देश में मेडिकल कॉलेज खोलने हेतु पत्र सौंपा जाएगा। उन्होने रतलाम जिले के मेडिकल कॉलेज द्वारा कोविड काल में और वर्तमान में डेंगू मरीजों के उपचार की सुविधा के लिए मेडिकल कालेज प्रबंधन की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्रीजी के उदबोधन को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा और सुना गया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया।

कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन डॉ. आंनंद चंदेलकर ने आभार माना । कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अजहर अली, श्री सचिन वर्मा, श्री आशीष चौरसिया, श्रीमती सरला वर्मा, डॉ. ध्रुवेन्द्र पांडे, डॉ. गौरव बोरीवाल, सुश्री श्वेता बागडी, श्री अजय सोलंकी एवं 250 से अधिक मेडिकल कॉलेज के छात्र सहभागी रहे।

समय जगत 28/10/21

# आज जिले में 116 केंद्र पर टीकाकरण होगा

**रतलाम** | जिले में गुरुवार को 116 केंद्र पर टीकाकरण होगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया जिले में टीकाकरण अभियान जारी है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में टीकाकरण केंद्रों पर वैक्सीन के डोज लगाए जा रहे हैं, इसमें सभी 18 साल से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। को-वैक्सीन के प्रथम डोज के 28 दिन के बाद दूसरा डोज व कोविशिल्ड के प्रथम डोज के 84 दिन के बाद दूसरा डोज लगवा सकते हैं। गुरुवार को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कुल 116 टीकाकरण केंद्रों पर 15,590 लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी के लिए कोविड कमांड व कंट्रोल सेंटर 07412-1075 पर संपर्क कर सकते हैं।

दै. भास्कर 28/10/21



# मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड तक बनेगी सीमेंट कांक्रीट सड़क

## विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा शुभारंभ

45 लाख रूपए होंगे खर्च

रतलाम । विधायक चेतन्य काश्यप ने मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड तक बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क 45 लाख रूपए की लागत से बनेगी। शहर के 3 वार्डों से जुड़ी इस सड़क के निर्माण से कई नागरिक लाभान्वित होंगे। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ श्री काश्यप ने विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या एवं मयुर पुरोहित आदि मंचासीन रहे।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि सीवरेज लाईन और अन्य कार्यों के वजह से शहर में सड़कें काफी क्षतिग्रस्त हुई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में पंचवर्षीय योजना में 120 करोड़ से सड़कों के नवनिर्माण की योजना बनी है। इसमें से अब तक 20 करोड़ के टेंडर जारी कराए जा चुके है, जिससे कई प्रमुख सड़कों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूरा हो चुका है। इसका लाभ तब दिखेगा जब शहर की नालियों से गंदा पानी दिखना बंद हो जाएगा। सीवरेज की योजना आधुनिक शहर की कल्पना से प्रेरित है, जिसका लाभ आने वाले कई सालों तक मिलेगा।

श्री काश्यप ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए कानून बन गया है। नियम जारी होने पर उन कॉलोनियों में फिर से विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे। मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड की यह सड़क 3 वार्डों की मांग को पुरा करेगी। औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण हेतु भी 1 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए है। श्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 4,500 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हो चुके है। सरकार द्वारा फिर से पट्टे देने के लिए सर्वे होने पर चिन्हित परिवारों को आवास निर्माण हेतु ढाई-ढाई लाख रूपए की राशि दी जाएगी। रतलाम को मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के प्रयास जारी है। शहर के समीप इसी उद्देश्य से औद्योगिक कोरीडोर की स्थापना की जा रही है।

कार्यक्रम को पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल एवं क्षेत्रवासियों ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने स्वागत भाषण दिया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार सुबेन्द्र गुर्जर ने माना। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पु पुरोहित, प्रहलाद पटेल, सीमा टांक, देवशंकर पाण्डेय, मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, शक्तिसिंह राठौड़, विवेक शर्मा, कमल गुरनानी, प्रकाश बंशीवाल, तन्मय त्रिवेदी, हेमराज वसावा, संदीप मौर्य, श्रीराम यादव, राजेश पांचाल, संतोष बैरागी, सारिका दीक्षित, सुनीता श्रीवास्तव सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

स्वतंत्र मत 28/10/21

**आयोजन** • लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष ने सोलर ऊर्जा की प्रोत्साहन नीति बताई

# इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों के लिए दो करोड़ रुपए की राशि जारी कराई




लघु उद्योग भारती के समारोह में विधायक काश्यप ने सड़कों के लिए राशि जारी होने की बात कही।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के लिए 12 से 15 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। इसमें दो करोड़ रुपए का आवंटन हो चुका है।

लघु उद्योग भारती रतलाम इकाई के समारोह में यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने कही। उन्होंने कहा कि वे जल्द बची हुई सड़कों के लिए भी शेष राशि का आवंटन करवाने की कोशिश करेंगे। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता ने सोलर ऊर्जा की प्रोत्साहन नीति को लेकर कहा कि यदि उद्योगपति अपने आसपास की इकाइयों में मिलकर सोलर पैनल लगवाते हैं, तो बाहर की कंपनियां अपने इन्वेस्टमेंट से सोलर के पैनल और उसका स्ट्रक्चर लगाएगी और अगले 10 साल तक लगभग 4 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली की सप्लाई इकाइयों को दी जाएगी।

10 साल तक सोलर पैनल इकाइयों में लगे रहेंगे और अगले 15 साल तक उद्योग उत्पादित बिजली मुफ्त प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने लघु उद्योग भारती रतलाम इकाई के लिए चंद्रप्रकाश अवतानी को अध्यक्ष और गोविंद मालपानी का मनोनयन सचिव पद के लिए किया। मालवा प्रान्त सह व्यवस्था प्रमुख माधव काकानी ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर नव मनोनीत अध्यक्ष अवतानी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें शैलेंद्र सुरेका, कुश अवतानी, अंचित पोरवाल, सचिन छाजेड़, धर्मेंद्र मारू, रोहित मालपानी, प्रवीण कसेरा, पूनम चंद्र छाबड़ा, आशीष अग्रवाल, अनिल सारा, रिंकू कृष्णानी, रघुवीर सोलंकी, महेश शर्मा,रूपचंद्र मल्होत्रा एवं रौनक चोपड़ा शामिल किए गए है। अंत ने विशेष आमंत्रित मुकेश जैन ने आभार माना। भास्कर

दै.भास्कर 28/10/21

डेंगू • शर्ट या टी-शर्ट फुल आस्तीन के पहनें, घूमने जाएं तो मच्छरों से बचाव करें, घरों में पानी जमा ना होने दें

# युवाओं को खतरा... सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज 19 से 40 साल के; 11 में से 10 मौतें भी युवाओं की ही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि आपकी उम्र 19 से 40 साल के बीच है, तो आपको सावधान रहने की जरूरत है। हम ऐसा इसलिए कह रहे है क्योंकि इस उम्र के लोगों को ही डेंगू सबसे ज्यादा हो रहा है। यहां तक की मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वालों में 61 प्रतिशत लोग इसी उम्र वर्ग के हैं।

इस साल हमारे शहर में डेंगू बेकाबू है। अब तक 410 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं जो कि अब तक के सर्वाधिक है। मलेरिया विभाग तमाम प्रयास कर रहा है लेकिन डेंगू के मरीज कम नहीं हो रहे हैं। इधर, बड़ी चिंता युवाओं की है, क्योंकि इस बार आंकड़े चौंकाने वाले हैं। डेंगू का शिकार सबसे ज्यादा 61% युवा हुए हैं। इससे भी चिंताजनक ये है कि 11 मौत के मामले सामने आए हैं, इनमें से 10 की उम्र 40 साल से कम ही है।

### किस उम्र वर्ग के कितने डेंगू के मरीज

| | |
|---|---|
| 0-18 साल के | 13% |
| 19-40 साल के | 61% |
| 41-60 साल के | 18% |
| 60-100 साल के | 8% |

### बड़ा कारण... युवाओं का फैशन बना रहा है बीमार, उन्हें अब हॉफ आस्तीन के टी-शर्ट की आदत बदलना होगी

- युवाओं में टी-शर्ट का ट्रेंड रहता है।
- विभाग एडवायजरी जारी कर रहा है कि फुल आस्तीन के कपड़े पहने। ऐसे में युवाओं को संभलना होगा।
- फुल आस्तीन की टी-शर्ट या शर्ट का उपयोग कर सकते हैं। अभी के दौर में मच्छरों से बचाव ही प्राथमिकता है।
- बाहर घूमने की आदत है तो सावधानी बहुत जरूरी है, मच्छरों से बचाव को प्राथमिकता में रखें।
- बरमुडा के अलावा लोअर, जिंस, पेंट को ही प्राथमिकता दें।
- घरों में पानी जमा ना होने दें।
- युवाओं को बीमार होने पर डॉक्टर को दिखाने के बजाए पहले सहन करने फिर खुद दवा लेने की आदत को भी बदलना होगा।

### 1400 से ज्यादा मरीज पहुंच चुके हैं मेडिकल कॉलेज

इधर, अब तक शहर में 410 से ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन ये आंकड़ा एलाइ[जा] का है। किट टेस्ट से पॉजिटिव आ[ने] वाले इससे कहीं ज्यादा है। मेडिक[ल] कॉलेज में सितंबर में 1204 मरीज भर्ती हुए थे, अक्टूबर में 1400 से ज्यादा मरीज अब तक आ चुके हैं। यह हमारे शहर में डेंगू का सर्वाधि[क] आंकड़ा है, इससे पहले 2018 में डेंगू के 242 मामले मिले थे, जो सर्वाधिक थे।

भास्कर

दै. भास्कर 28/10/21

## डेंगू की जांच के लिए शिविर लगाने की मांग

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले के रावटी स्वास्थ्य केंद्र में प्रति सप्ताह डेंगू जांच के लिए शिविर लगाया जाए। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य होकर गरीब तपके के लोग रहते हैं। ऐसे में निजी लैब वाले जांच के नाम पर 750 से 1000 रुपए तक वसूल रहे हैं। वहीं जिला चिकित्सालय में जाने पर 2-3 दिन की वेटिंग बताई जाती है इससे ग्रामीण परेशान होते हैं। अतः सप्ताह में स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

यह मांग गांव के शिक्षक ईश्वरलाल पाटीदार व अन्य ने कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत होकर ज्ञापन दिया। भास्कर

दै. भास्कर 28/10/21

## डेंगू के तीन नए मरीज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बुधवार को एलाइजा जांच की 41 रिपोर्ट में डेंगू के तीन नए मरीज मिले हैं। ये तीनों मामले शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से हैं। अब जिले में डेंगू के मामलों की संख्या 439 पहुंच गई है, वहीं शहर में 445 घरों में एडिज लार्वा सर्वे के दौरान 41 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। 24 पानी टंकी, 23 कंटेनर, दो बेकार टायर में भी डेंगू का लार्वा मिला

नई.

नईदुनिया / 28/10/21

**इस साल दीपावली से पहले शुद्ध हवा**


# एक्यूआई का स्तर अक्टूबर में एक भी दिन रेड जोन में नहीं, पिछले साल खराब था, दीपावली बेहतर होने के आसार

## शहर में 300 के ऊपर पहुंच जाता है एयर क्वालिटी इंडेक्स, पिछली दीपावली 307 रहा था, पिछले साल अक्टूबर में तीन दिन 200 से ज्यादा था एक्यूआई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

इस साल दीपावली के पहले हम शुद्ध हवा ले रहे हैं... जी हां, शहर का एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स ज्यादातर ग्रीन बना हुआ है। जबकि पिछले साल अक्टूबर के आखिरी दिनों में एक्यूआई 135 के आसपास था, जो येलो जोन में था। इधर, इस साल मौसम साफ है, आने वाले दिनों में अच्छी आबोहवा की उम्मीद है।

आम तौर पर अक्टूबर और नवंबर में एक्यूआई का लेवल अच्छा नहीं रहता है। लेकिन इस बार एक्यूआई लेवल ज्यादातर ग्रीन जोन में बना हुआ है। 23, 24, 25 अक्टूबर को शहर का एक्यूआई 100 से कम रहा, तो वहीं, 27 को एक्यूआई 100 से ज्यादा दर्ज किया गया। अक्टूबर में एक भी दिन एक्यूआई रेड जोन में नहीं आया है। 130 से कम ही बना हुआ है। जबकि, पिछले साल शहर में 8 अक्टूबर को एक्यूआई 205, 11 अक्टूबर को 209 व 20 अक्टूबर को 211 तक पहुंच गया था। इस महीने 4 दिन एक्यूआई 50 से भी कम दर्ज किया गया, यानी अच्छी व शुद्ध आबोहवा।


शहर का ड्रोन फोटो।

### 2019 के नवंबर अंत में एक्यूआई 408 रहा था

- पिछले साल नवंबर के महीने में दो बार एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया था।
- 11 नवंबर 2020 को शहर का एक्यूआई 302 दर्ज किया गया, वहीं 14 नवंबर 2020 यानी दिवाली के दिन एक्यूआई का स्तर 307 पर पहुंच गया था।
- 2019 में दीपावली पर एक्यूआई 169 रहा था।
- 2020 के नवंबर में एक भी दिन एक्यूआई का स्तर 100 के अंदर नहीं पहुंचा था।
- 2019 में नवंबर में एक भी दिन ऐसा नहीं रहा जब एक्यूआई का औसत स्तर 50 से कम हुआ हो
- 2019 में के आखिरी में पीएम 10 अधिकतम 408 तक पहुंच गया, 28 नवंबर को पीएम 10 अधिकतम 448 पर था।

### जानिए, एक्यूआई लेवल और स्वास्थ्य को

0-50 शुद्ध
51-100 संवेदनशील लोगों को सांस लेने में असहज
101-200 फेफड़े, अस्थमा व दिल के मरीजों को सांस लेने में परेशानी
201-300 प्रदूषित, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक
301-500 अति खराब स्थिति मानी जाती है।

दै.भास्कर 28/10/21

# बाजारों में नहीं जा सकेंगे फोर व्हीलर और ऑटो, पार्किंग की व्यवस्था तय

## त्योहार के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बनाया प्लान, आज से होगा लागू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पुष्य नक्षत्र के साथ ही बाजारों में दीपावली की खरीदारी शुरू हो जाएगी। संभावित भीड़ देखते हुए रतलाम की ट्रैफिक पुलिस ने यातायात प्लान बनाया है। यह 28 अक्टूबर से लागू हो जाएगा और 5 नवंबर तक प्रभावशील रहेगा।

पुलिस ने शुरुआत चार पहिया वाहनों और कारों को बाजार क्षेत्र में आने से रोकने का प्लान बनाया है। भीड़ बढ़ी तो दो पहिया वाहनों का प्रवेश भी माणकचौक क्षेत्र में रोक दिया जाएगा। गुरुवार-शुक्रवार को पुष्य नक्षत्र की भीड़ देखने के बाद ट्रैफिक पुलिस प्लान अपडेट करेगी।



रतलाम के बाजार में भीड़ बढ़ने लगी है। इसे नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक प्लान बनाया है। भास्कर

### फोर व्हीलर और ऑटो के लिए ये रहेंगे नो व्हीकल जोन

- नाहरपुरा चौराहा से डालूमोदी बाजार, घास बाजार, माणकचौक, न्यू क्लॉथ मार्केट तक फोर व्हीलर और ऑटो के लिए नो व्हीकल जोन।
- चौमुखीपुल से गणेश देवरी की ओर, तोपखाना से गणेश देवरी की ओर, रानीजी के मंदिर से गणेश देवरी की ओर सभी फोर व्हीलर और ऑटो प्रतिबंधित रहेंगे।
- न्यू क्लॉथ मार्केट से माणकचौक तक फोर व्हीलर एवं ऑटो प्रतिबंधित रहेंगे। केवल टू व्हीलर माणकचौक होते हुए घास बाजार जा सकेंगे।

### भीड़ बढ़ी तो यहां टू व्हीलर प्रतिबंधित

- नौलाईपुरा से माणकचौक थाना लक्ष्मी मंदिर की ओर।
- नौलाईपुरा से भुट्टा बाजार की ओर।
- गोपाल मंदिर से माणकचौक, दौलतगंज से माणकचौक की ओर।
- खैरादीवास से कोठारीवास की तरफ।
- हरमाला रोड से सायर चबूतरा की ओर सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

### फोर व्हीलर पार्किंग

अमृतसागर तालाब के किनारे, मिशन हॉस्पिटल सैलाना बस स्टैंड, ईदगाह रोड के पास, रानीजी के मंदिर के आसपास, कॉलेज रोड, चौड़ावास रामगढ़, त्रिपोलिया गेट

### टू व्हीलर की पार्किंग

माणकचौक स्कूल (यहां स्कूल छूटने के बाद पार्किंग होगी), धनजी भाई का नोहरा, आजाद चौक, डॉ. देवीसिंह की गली, साहू बावड़ी हनुमान मंदिर, त्रिपोलिया गेट।

दै. भास्कर 28/10/21

## 900 में से सिर्फ 169 सेहत को लेकर चिंतित

रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान को गति देने वाले करीब 900 सफाई संरक्षकों में से मात्र 169 सफाई कर्मचारी ही अपनी सेहत के लिए जागरुक है। असल में निगम ने अलकापुरी कम्युनिटी हाल में सफाई संरक्षकों के स्वास्थ्य की जांच शिविर का आयोजन बुधवार को रखा था, इसमे प्रचार के अभाव में मात्र 169 कर्मचारी ही अपनी जांच करवाने पहुंचे। सुबह 11 से शाम 5 बजे तक अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन नगर निगम ने अपने सफाई संरक्षकों के लिए किया। जिला चिकित्सालय के 4 डॉक्टर, 2 लैब टैक्नीशियन व सेवा के लिए आए थे।

पत्रिका

पत्रिका 28/10/21

## सेहत : 174 सफाईकर्मियों की स्क्रीनिंग की गई

रतलाम । अलकापुरी स्थित कम्युनिटी हॉल में बुधवार को नगर निगम के सफाई कर्मी और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगा। शिविर में 174 लोगों की स्क्रिनिंग की गई। इसमें संभावित टीबी के रोगी 15 मिले है। 153 लोगों की एचआईवी की जांच की है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. योगेश निखरा के नेतृत्व में कर्मचारियों की स्क्रीनिंग कर उनके खंखार जांच के लिए सैंपल लिए।

भास्कर

दैभास्कर 28/10/21

## 3350 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को 79 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह अब तक 3350 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कि

नईदुनिया 28/10/21

# मुख्य बाजारों में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध, अस्थायी पार्किंग स्थल बनाए

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। दीपोत्सव को लेकर बाजारों में ग्राहकों की भीड़ भरने लगी है। इस कारण प्रमुख मार्गों, बाजारों में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। त्योहार में लोगों को आवागमन में परेशानी न हो, बाजारों में जाम न लगे, इसके लिए यातायात पुलिस द्वारा 28 अक्टूबर से यातायात व्यवस्था में बदलाव कर कई बाजारों में वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। दोपहिया व चार पहिया वाहनों के लिए अस्थायी पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 28 अक्टूबर से नो पार्किंग जोन व्यवस्था पांच नवंबर तक लागू रहेगी। बाजार में त्योहार की भीड़ देखते हुए पीक अवर्स के अतिरिक्त उपरोक्त व्यवस्था में कुछ समय के लिये छूट भी दी जा सकेगी। दुकानदार अपना सामान रोड पर विक्रय के प्रदर्शन के लिए न रखें व स्वयं के वाहन अन्यत्र स्थान पर खड़ा करें। इससे दुकान पर आने वाले ग्राहक उनकी दुकान के सामने वाहन खड़े कर सकें। यातायात बाधित होने की स्थिति में वाहनों को क्रेन से टोइंग कर जब्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## इन मार्गों पर वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

नाहरपुरा चौराहे से डालूमोदी बाजार, घास बाजार, माणकचौक, न्यू क्लाथ मार्केट तक, चौमुखी पुल, तोपखाना व रानीजी का मंदिर से गणेश देवरी की तरफ, न्यू क्लाथ मार्केट से माणकचौक तक चार पहिया वाहन एवं आटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। केवल दोपहिया वाहन माणकचौक होते हुए घास बाजार की तरफ जा सकेंगे। आवश्यकता होने पर दोपहिया वाहन भी प्रतिबंधित किये जा सकेंगे। उधर नौलाईपुरा से माणकचौक थाना मार्ग पर दोपहिया, चार पहिया वाहन व आटो रिक्शा का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार नौलाईपुरा से भुट्टा बाजार मार्ग भी नो व्हीकल जोन रहेगा। बड़ा गोपाल मंदिर से माणकचौक, दौलतगंज तिराहे से माणकचौक मार्ग पर भी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। खिडकी दरवाजा महलवाडा से दौलतगंज मार्ग की तरफ जाने वाले चार पहिया वाहन एवं आटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। आवश्यकतानुसार चिंतामण गणेश मंदिर महलवाड़ा से डालू मोदी चौराहे की ओर आने वाले मार्ग, हरदेवलाल पीपली से रानीजी का मंदिर मार्ग चार पहिया वाहन एवं आटो रिक्शा को भी डायवर्ट किया जाएगा।

## भारी वाहनों को रात 11 बजे तक प्रवेश नहीं

सभी प्रकार के भारी वाहनों को धानमंडी, लक्कड़पीठा, नाहरपुरा चौराहा, आबकारी चौराहा, बाजना बस स्टेण्ड, चादनी चौक, शहर सराय, लोकेन्द्र टाकीज, सैलाना बस स्टैंड चौराहे तक सुबह से रात 11 बजे बाद प्रवेश दिया जाएगा। बाजार क्षेत्र में भीड़ की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त समय तक वाहनों का प्रवेश रोका जा सकेगा। वहीं हरमाला रोड, कुंजड़ों का वास से सायर चबूतरा की ओर जाने वाले व्यावसायिक वाहन व चार पहिया वाहनों आवागमन भी प्रतिबंधित रहेगा।

## इन स्थानों पर वाहन पार्किंग के इंतजाम

दोपहिया वाहन शासकीय बहुउद्देशीय उमावि क्रमांक एक में (स्कूल छूटने के बाद), धनजीभाई का नोहरा, आजाद चौक के अंदर, डा. देवीसिंह की गली, मिशन हास्पिटल (सैलाना बस स्टैंड) रामगढ़ चौड़ावास त्रिपोलिया गेट पुलिस लाइन के बाहर दो पहिया वाहन पार्किंग स्थल रहेगा। चालक दोपहिया वाहन वहां रखे। चार पहिया वाहन ईदगाह के पास, रानीजी के मंदिर के आसपास, आर्ट एंड साइंस कालेज के सामने, मिशन हास्पिटल पार्क किए जा सकेंगे। वहीं अमृत सागर तालाब के पास दोपहिया वाहन पार्किंग भी की जा सकती है।

नईदुनिया 28/10/21

दीपोत्सव की तैयारी

# आज से माणकचौक और आसपास का क्षेत्र नो व्हीकल जोन

रतलाम @ पत्रिका. दीपोत्सव के तहत शहर के प्रमुख बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए और 28 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के मद्देनजर शहर के प्रमुख बाजारों में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। यह व्यवस्था 28 अक्टूबर से लागू होकर 5 नवंबर तक रहेगी। खासकर शहर के बाजार और मध्यक्षेत्र में प्रवेश वर्जित होगा। वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी कर दी गई है। निर्धारित पार्किंग स्थलों पर पार्किंग नहीं होने और यातायात मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में वाहनों को क्रेन से टोइंग किया जा सकता है।

## नो व्हीकल जोन

- नाहरपुरा चौराहे से डालूमोदी बाजार, घास बाजार, माणकचौक, न्यूक्लाथ मार्केट तक चार पहिया वाहन आटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।
- चौमुखी पुल से गणेश देवरी की ओर, तोपखाना से गणेश देवरी की ओर, रानी जी के मंदिर से गणेश देवरी की ओर चार पहिया वाहन एवं आटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।
- न्यू क्लाथ मार्केट जमनालाल स्वीट्स से माणकचौक बाजार तक दो पहिया वाहनों को मिलेगा प्रवेश।
- नौलाईपुरा पूर्णिमा साडी एवं मुस्कान के सामने से थाना माणकचौक की ओर लक्ष्मीजी मंदिर होते हुए बाजार में जाने वाले सभी तरह के दो पहिया, चार पहिया एवं ऑटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।
- नौलाईपुरा पहनावा छोटेलाल अशोक कुमार गाँधी एवं बालाजी फैशन के सामने से भुट्टा बाजार की ओर होते हुए जाने वाले समस्त वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- माणकचौक बाजार से लक्ष्मीजी के मंदिर या भुट्टा बाजार की ओर जाने वाले वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- बड़ा गोपाल मंदिर से माणकचौक की ओर, गेलड़ा नमकीन के सामने हमदर्द मेडिकल से माणकचौक तरफ सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- डालूमोदी बाजार से न्यू-क्लॉथ मार्केट एवं गणेश दवरी की ओर समस्त प्रकार के चार पहिया वाहन एवं आटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।
- खिड़की दरवाजा महलवाडा से गेलड़ा नमकीन की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के चार पहिया वाहन एवं आटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।
- समस्त प्रकार के भारी वाहनों को धानमंडी, लक्कड़पीठा नाहर पुरा चौराहा, आबकारी चौराहा, बाजना बस स्टेण्ड, चाँदनी चौक, शहर सराय, लोकेन्द्र टाकीज, सैलाना बस स्टैंड चौराहा तक रात 11 बजे तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
- हरमाला रोड ताज स्टोन कुंजडो के वास से सायर चबूतरा तरफ जाने वाले व्यवसायिक वाहन एवं चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

## यहां रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 दो पहिया वाहन स्कूल छूटने के पश्चात वाहन पार्किंग होंगे।
- धनजीबाई के नोहरे में दो पहिया वाहन पार्किंग
- ईदगाह के पास चार पहिया वाहन पार्किंग
- आजाद चौक के अंदर दो पहिया वाहन पार्किंग
- रानीजी के मंदिर के आसपास चार पहिया वाहन पार्किंग
- आर्ट एन्ड साइंस कालेज के सामने चार पहिया वाहन पार्किंग
- डॉ. देवीसिंह की गली में दो पहिया वाहन पार्किंग
- माणकचौक थाने के सामने बजरंगबली मंदिर के पास साहू बावडी दो पहिया वाहन पार्किंग
- मिशन हास्पिटल, सैलाना बस स्टेण्ड दो पहिया व चार पहिया वाहनों की पार्किंग
- चौडावास, रामगढ़ दो पहिया वाहनों की पार्किंग
- त्रिपोलिया गेट पुलिस लाइन के बाहर दो पहिया वाहन पार्किंग - अमृतसागर तालाब के किनारे चार पहिया व दो पहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

(15)

पत्रिका 28/10/21

# कबाड़ा, लकड़ी, गैस सिलेंडर गोदाम संचालक सहित 67 को दिए नोटिस

## सबसे ज्यादा संस्थान दीनदयालनगर थाना क्षेत्र के

**शहर को सुरक्षित रखने के लिए ज्वलनशील वाले कारोबार शहर से बाहर होंगे**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में संचालित कबाड़ दुकानों, गोदाम, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर गोदाम एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तु का भंडारण करने वाले 67 संस्थानों को नोटिस दिए हैं। इसमें औद्योगिक क्षेत्र थाना के 8, माणकचौक थाना के 19, स्टेशन रोड थाना के 16 तथा पुलिस थाना दीनदयालनगर के 24 संस्थान शामिल हैं।

नोटिस में लिखा है कि उक्त दुकानों, गोडाउन, भंडारण इत्यादि से मानव जीवन व लोक संपत्ति को क्षति संभावित है। गतिविधियों से जन सामान्य के स्वास्थ्य, जान-माल को खतरा उत्पन्न हो सकता है तथा भविष्य में इन कारणों से लोक शांति भंग होने की प्रबल आशंका है। आवासीय क्षेत्र में व्यवसाय नगर तथा ग्राम निवेश विभाग योजना के निवेश क्षेत्र में निर्दिष्ट होने से एवं मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम-2012 के प्रावधानों के विपरीत है। इन संस्थानों को 12 नवंबर तक न्यायालय जिला दंडाधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा। विदित रहे कि दो सप्ताह पहले ही रतलाम के मोहननगर क्षेत्र में स्थित पाइप के गोदाम में भीषण आग लग गई थी।

दै. भास्कर 28/10/21

# ज्वलनशील वस्तु के भंडारण से संबंधित दुकानों को सूचना पत्र जारी

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में संचालित की जाने वाली कबाड़ दुकानों, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर गोदाम एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तु के भंडारण इत्यादि से संबंधित 67 संस्थानों को नगर निगम क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने हेतु सूचना पत्र जारी किया है ।

विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्र अनुसार जारी किए गए सूचना पत्र में पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के 8, पुलिस थाना माणकचौक क्षेत्र के 19, पुलिस थाना स्टेशन रोड के 16 तथा पुलिस थाना दीनदयाल नगर क्षेत्र के 24 संस्थानों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

स्वदेश 28/10/21

# आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल करें

रतलाम । प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 65 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए। जनसुनवाई में आवास आवंटन, भूमि पंजीयन, शिक्षा शुल्क में रियायत, सीमांकन आदि बिंदुओं से संबंधित आवेदन दिए गए।

**शिक्षण शुल्क माफ करने के निर्देश**-कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के समक्ष पूनम विहार कॉलोनी निवासी सुनीता पति स्वर्णसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव दिया जा रहा है । इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए। एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है । एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए।

**तत्काल आर्थिक सहायता देने के निर्देश**-जनसुनवाई के दौरान बरगुंडों का वास निवासी भारती पति पूनमचंद ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति का स्वर्गवास कोरोना काल में हो गया है। पति की मृत्यु के बाद परिवार में कमाई का कोई साधन नहीं रहा है। उन्हें शासन के नियमानुसार अभी तक आर्थिक सहायता भी प्राप्त नहीं हुई है, परिवार का गुज़ारा मुश्किल हो रहा है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि उक्त आर्थिक सहायता के प्रकरण का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और पीड़िता को रेड क्रॉस के माध्यम से दस हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदन में रतलाम निवासी अशोक वर्मा ने अपने पुत्र के मेडिकल अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा उन्हें ऋण उपलब्ध नहीं हो रहा है । कलेक्टर ने इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही प्रभावित को तत्काल रेडक्रॉस से पंद्रह हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के निर्देश दिए।

स्वतंत्र ऐलान २८/१०/२१

# कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम। नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की सामुदायिक संगठिका श्रीमती हेमा सिलावट, वाहन चालक हरीराम-भागीरथ व सुरक्षाकर्मी सुधीर राठौर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सामुदायिक संगठिका श्रीमती हेमा सिलावट को कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने व फोन कॉल करने पर फोन बंद पाये जाने, वाहन चालक हरीराम-भागीरथ द्वारा 26 अक्टूबर को कर्तव्य स्थल पर शराब के नशे में पाये जाने व जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित होने, सुरक्षाकर्मी सुधीर राठौर द्वारा 25 अक्टूबर को बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इसके अलावा कार्य व्यवस्था की दृष्टि से अलकापुरी व भारत माता उद्यान में माली के कार्य हेतु दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नानालाल-कैलाश कटारा को नियुक्त किया गया।

## झोन प्रभारी ए.पी. सिंह का एक दिवस वेतन काटा

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत फोरलेन पर कचरे के ढेर एवं नालियां गंदगी से भरी हुई पाई जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार झोन प्रभारी श्री ए.पी. सिंह का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इन्दौर

इन्दौर समाचार 28/10/21

# कार्य में लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम। नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की सामुदायिक संगठिका श्रीमती हेमा सिलावट, वाहन चालक हरीराम-भागीरथ व सुरक्षाकर्मी सुधीर राठौर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सामुदायिक संगठिका श्रीमती हेमा सिलावट को कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने व फोन कॉल करने पर फोन बंद पाये जाने, वाहन चालक हरीराम-भागीरथ द्वारा 26 अक्टूबर को कर्तव्य स्थल पर शराब के नशे में पाये जाने व जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित होने, सुरक्षाकर्मी सुधीर राठौर द्वारा 25 अक्टूबर को बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया।

अवन्तिका 28/10/21

# झोन प्रभारी का एक दिवस वेतन काटा

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत फोरलेन पर कचरे के ढेर एवं नालियां गंदगी से भरी हुई पाई जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार झोन प्रभारी श्री ए.पी. सिंह का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# एक दिवस वेतन काटा, नोटिस जारी

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत फोरलेन पर कचरे के ढेर एवं नालियां गंदगी से भरी हुई पाई जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार झोन प्रभारी एपी सिंह का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# झोन प्रभारी ए.पी. सिंह का एक दिवस वेतन काटा

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत फोरलेन पर कचरे के ढेर एवं नालियां गंदगी से भरी हुई पाई जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार झोन प्रभारी ए.पी. सिंह का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। प्रसारण

प्रसारण 28/10/21

# त्योहार को देखते हुए रात्रिकालीन कर्फ्यू हटाया जाए

## जिला व्यापारी महासंघ ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

दीप ज्योति जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान रात्रि 11 से प्रात: 6 बजे तक जनता कर्फ्यू प्रभावशील है, जिसके कारण व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहे है, ऐसे में जनता कर्फ्यू के दौरान व्यापारियों तथा आम नागरिकों को साफ-सफाई करने में भी अड़ंगे बाजी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में जिला व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष बाबूलाल राठी के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को भी एक ज्ञापन दिया गया, जिसमें रात्रि कालानी कर्फ्यू हटाया जाने का अनुरोध किया गया। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि इस संबंध में शासन का निर्णय है। व्यापारी और आम नागरिकों की इस परेशानी से शासन को अवगत करवा दिया जाएगा। किसी बात की परेशानी न हो इस बारे में भी ध्यान रखा जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में शांतिलाल उपाध्याय, आशीष मित्तल, रमेश चौथीयानी, राजेन्द्रसिंह गोयल, महेश बाहेती आदि उपस्थित थे।

स्वदेश

स्वदेश 28/10/21

# सिंचाई एवं पेयजल के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें

रतलाम। जिले में इस वर्ष पर्याप्त वर्षा हुई है सभी जल संरचनाओं में अभी पर्याप्त जल उपलब्ध है। उपलब्ध पानी की सुरक्षा करने के साथ ही सिंचाई एवं पेयजल के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करें। अवैध रूप से पानी लेने वालों के

## ▶ जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

विरुद्ध कार्रवाई करें। उक्त निर्देश जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े ने दिए।

जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नियमित बिजली बिल जमा हो रहे हैं वहां पर डीपी प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.के. खरत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री पी.के. गोगादे, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी गई थी मध्यम परियोजना सरोज सरोवर धोलावाड बांध में गत वर्ष 2020-21 में मध्यम परियोजना से रबी सिंचाई लक्ष्य 5600 हैक्टर क्षेत्र में रखा गया था, जिसके विरुद्ध शत-प्रतिशत सिंचाई की गई। रूपांकित जीवित जल क्षमता के विरुद्ध पूर्ण जल भराव हुआ है। इसी प्रकार 120 लघु सिंचाई योजनाओं से 26909 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई। रबी फसल हेतु 27011 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। बैठक में निर्देश दिया गया कि पेयजल की सुरक्षा के लिए संबंधित निकाय एवं संस्था कार्यवाही सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा सके तथा आरक्षित पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित हो इस हेतु बिना विभाग की लिखित अनुमति के विद्युत संयोजन नहीं करें। कृषि विभाग तालाबों के कमांड क्षेत्र में कृषकों को संतुलित उर्वरक एवं उच्च गुणवत्ता के बीज की उपलब्धता समय पर करवाएं जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सके।



बैठक में रतलाम नगर एवं सैलाना नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए वर्तमान निश्चित पानी की मात्रा को नवीन आवश्यकतानुसार रिवाइज करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति एवं उपलब्ध संसाधनों में पर चर्चा की गई।

नवभारत २८/१०/२१